# उत्तराखंड में दो साल में बनेंगी 32 वाहन पार्किंग, डीएम से मांगे

## तैयारी

**राज्य ब्यूरो, देहरादून:** अन्य प्रदेशों से उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों व यात्रियों को निकट भविष्य में वाहनों के पार्किंग की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस पर सरकार ने विशेष ध्यान केंद्रित किया है। विभिन्न जिलों में दो साल के भीतर 32 वाहन पार्किंग आकार लेंगी। आवास एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सोमवार को विधानसभा भवन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी साझा की। इसके अलावा 11 स्थलों में पार्किंग व तीन स्थानों पर टनल पार्किंग की डीपीआर तैयार करने को धनराशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के डीएम और विकास प्राधिकरणों से पार्किंग के दृष्टिगत प्रस्ताव मांगे गए हैं।

### पहली बार बनेंगी टनल पार्किंग

आवास मंत्री ने बताया कि राज्य मे पहली बार कैंपटी, गंगनानी (गंगोत्री) व लक्ष्मणझूला मे टनल पार्किंग विकसित की जाएगी। इनकी डीपीआर तैयार करने के लिए 1.49 करोड़ रुपये की राशि एनएचआइडीसीएल को जारी की गई है। उन्होंने कहा कि तीन अन्य एजेंसियों यूजेवीएनएल, टीएचडीसी व आरवीएनएल को टनल पार्किंग की संभावना तलाशने को कहा गया है।



शहरी विकास व आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ● जागरण

### पार्किंग को 100 करोड़ का प्रविधान

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों और विकास प्राधिकरणों से पार्किंग के संबंध मे प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पार्किंग सुविधा के लिए चालू वित्तीय वर्ष के बजट मे सौ करोड़ का प्रविधान किया गया है। इसके अलावा निजी भूमि मे पार्किंग सुविधा विकसित करने की नीति लाई गई है। कोई भी व्यक्ति अपनी भूमि मे पार्किंग विकसित कर सकता है। इसके लिए उसे कुछ रियायतें दी जाएंगी।

### यहां बन रही पार्किंग

| जिला | संख्या | वाहन क्षमता | स्वीकृत राशि | अ |
|---|---|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 09 | 2108 | 24.62 | |
| नैनीताल | 04 | 800 | 41.51 | |
| उत्तरकाशी | 05 | 571 | 16.91 | |
| पौड़ी | 05 | 225 | 13.52 | |
| चंपावत | 04 | 223 | 13.45 | |
| चमोली | 01 | 45 | 0.94 | |
| पिथौरागढ़ | 03 | 62 | 9.12 | |
| टिहरी | 01 | 40 | 1.94 | |

कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य के आठ जिलों में 32 स्थानों पर पार्किंग के लिए 122 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी। इसमें से 77 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इनमें 18 मल्टी स्टोरी और शेष सरफेस पार्किंग हैं। इनका निर्माण चल रहा है और तैयार होने पर इनमें 7190 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पिथौरागढ़, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी व बागेश्वर में 11 स्थानों पर पार्किंग सुविधा विकसित करने के दृष्टिगत डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने को 3.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें से 3.45 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं।

**सिटी पार्क का निर्माण जल्द:** आवास मंत्री ने बताया कि देहरादून में सहस्त्रधारा रोड पर तरला नागल में सिटी पार्क की योजना के लिए 36.97 करो
है। इसके लि
करोड़ रुपये
पर उन्होंने
पार्किंग के
विचार किय

********